# उद्योगों की मदद को सिडबी ने गूगल से मिलाया हाथ

**लखनऊ।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने सूक्ष्म उद्योगों को प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर एक करोड़ रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए गूगल के साथ साझेदारी की है। इसके तहत गूगल इंडिया ने 110 करोड़ रुपये का कार्पस फंड रखा है जिसे सिडबी के साथ मिलकर छोटे उद्योगों को उपलब्ध कराया जाएगा।

सिडबी उन छोटे उद्यमों को कर्ज मुहैया कराएगी जिनका टर्नओवर पांच करोड़ तक है। इस तरह के उद्योगों को 25 लाख से एक करोड़ तक का ऋण मिलेगा। सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सिवसुब्रमणियन रमण, आईए एंड एएस समेत कई लोग मौजूद थे।